**भारत सरकार**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्रालय**

**भारी उद्योग विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 228**

**जिसका उत्तर सोमवार, 24 नवंबर, 2014 को दिया जाना है**

**एचएमटी**

**228. श्री रत्न लाल कटारिया:**

क्या भारी उद्योग और लोक उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने घड़ियों और पुर्जों का विनिर्माण करने वाली हिन्दुस्तान मशीन टूल्स की कतिपय इकाइयों को बंद करने का निर्णय लिया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार का विचार हाल ही में लोगों में एचएमटी घड़ियों की भारी मांग को देखते हुए एचएमटी की कतिपय इकाइयों को पुनः शुरू करने का है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्य मंत्री**

**(श्री जी. एम. सिद्देश्वर)**

**(क):** जी, नहीं।

**(ख):** प्रश्न नहीं उठता।

**(ग):** पुनरुद्धार का ऐसा कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन नहीं है, तथापि, एचएमटी वाचेज के कर्मचारियों के लिए एक वीआरएस प्रस्ताव चलाया गया है।

**(घ) और (ङ):** प्रश्न नहीं उठता।

******